Name of the College - A.P.S.M College Barauni
Name → Dr. Rajesh Kumar Suman [GIT]
Deptt → Economics

B.A - Part - III - V
Unit - 02
Topic - Concepts and measure of development

⇒ आर्थिक विकास :- [Economic development]

→ 1960 तक आर्थिक विकास की अवधारणा आर्थिक संवृद्धि की पर्यायवाची अवधारणा ही मानी जाती थी किन्तु अब इसे आर्थिक संवृद्धि के समान नहीं माना जाता है। आर्थिक संवृद्धि की तुलना में अधिक है।

→ वृद्धि को विकास का एक अंग (Part) कहा जाता है अतः संवृद्धि का तात्पर्य प्रति व्यक्ति वास्तविक आय अथवा भौतिक उत्पाद में वृद्धि से है तथा आर्थिक विकास का तात्पर्य अधिक वृद्धि के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व नैतिक उन्नति से है।

⇒ आर्थिक विकास की परिभाषाएँ :- [Definitions of Economic Development]

→ आर्थिक विकास की कोई निश्चित और सर्वमान्य परिभाषा देना कठिन है क्योंकि लेखकों ने इसकी परिभाषा आर्थिक विकास के विभिन्न मापों के आधार पर दी है। हम इन विभिन्न परिभाषाओं का अध्ययन दो दृष्टिकोणों से करते हैं इसे हम निम्नलिखित रूप से स्पष्ट करते हैं।

आर्थिक विकास सम्बन्धी दृष्टिकोण

- (i) परम्परागत दृष्टिकोण
  - (ii) वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि
  - (iii) वास्तविक प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि
- (i) आधुनिक दृष्टिकोण
  - (ii) सामाजिक कल्याण में वृद्धि

→ परम्परागत दृष्टिकोण [Classical View] - इस दृष्टिकोण के अनुसार आर्थिक विकास की परिभाषा राष्ट्रीय आय या प्रति व्यक्ति आय में होने वाली वृद्धि के रूप में की जाती है।

Scanned with CamScanner

(1) वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि सम्बन्धी परिभाषाएँ :-
[Definitions regarding Increase in Net National Income]

(i) मेयर एवं बाल्डविन के शब्दों में, "आर्थिक विकास एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा दीर्घकाल में एक अर्थव्यवस्था की वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।"

(ii) पॉल एसवर्ट के अनुसार :- किसी देश के द्वारा अपनी वास्तविक आय को बढ़ाने के लिए सभी उत्पादक साधनों का कुशलतम प्रयोग करना आर्थिक विकास कहलाता है।

उपर्युक्त परिभाषाओं में तीन बातों पर अधिक जोर दिया गया है।

(A) आर्थिक विकास एक प्रक्रिया है। इसका अर्थ यह है कि आर्थिक विकास किसी उद्देश्य को प्राप्त करने का एक साधन है।

(B) आर्थिक विकास के अन्तर्गत लम्बे काल में राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

(C) राष्ट्रीय आय को बढ़ाने के लिए देश में उपलब्ध सभी उत्पादन साधनों का कुशलतम प्रयोग किया जाता है।

Scanned with CamScanner